23/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में आज कीव पहुंचे। प्रधानमंत्री ट्रेन से पोलैंड से कीव पहुंचे। कीव पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कीव में यूक्रेन के राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय में बच्चों पर मल्टीमीडिया मार्टिरोलॉजिस्ट प्रदर्शनी का दौरा किया। उनके साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की भी थे। दोनों नेताओं ने बच्चों की स्मृति का सम्मान किया। संघर्ष में अपनी जान गंवाने वाले बच्चों की याद में लगाई गई मार्मिक प्रदर्शनी से प्रधानमंत्री मोदी बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने युवा जिंदगियों की दुखद हानि पर दुख व्यक्त किया और सम्मान के रूप में उनकी स्मृति में एक खिलौना रखा। 1992 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध शुरू होने के बाद यह किसी भारतीय प्रधान मंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा है। श्री मोदी और श्री ज़ेलेंस्की आर्थिक और व्यावसायिक संबंधों, कृषि, बुनियादी ढांचे से लेकर द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलू पर चर्चा करेंगे।

यह यात्रा यूक्रेन में चल रहे संघर्ष की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो चर्चा का हिस्सा भी बनेगी. भारत ने लगातार बातचीत के जरिए समाधान तक पहुंचने के लिए कूटनीति और बातचीत की वकालत की है। श्री मोदी की यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और विस्तार करने में मदद करेगी।

00000000000000000

देश आज पहला अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। यह दिवस चंद्रयान की सफलता को समर्पित है। इस सिलसिले में नई दिल्ली में भारत मंडप में आयोजित प्रमुख कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि इसरो ने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसरो की यात्रा शुरू से ही शानदार रही है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष की प्रगति भारत की प्रगति है। उन्होंने कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढावा देना है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति शानदार रही है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के इस वर्ष का विषय है **चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा,** जो समाज और प्रौद्योगिकी का अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव को रेखांकित करती है।

000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर कल शाम वाशिंगटन पहुंचे। यात्रा के दौरान, श्री सिंह अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से भी मुलाकात करेंगे। रक्षा मंत्री मौजूदा और भविष्य के रक्षा सहयोग पर अमेरिकी रक्षा उद्योग के साथ एक उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत के सैन्य आधुनिकीकरण, रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए यूएस-भारत रोडमैप को आगे बढ़ाने की पहल, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डोमेन जागरूकता को मजबूत करने और अरब सागर और निकटवर्ती जलमार्गों में कानून के शासन के लिए भारत के लिए समर्थन की प्रतिबद्धता जताई है।

000000000000000000

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन से पहले नई दिल्ली में कल 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज-सीजन वन' का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग का विकास हुआ है, जिससे क्रिएटर इकनॉमी को काफी प्रोत्साहन मिला है। श्री वैष्णव ने कहा कि क्रिएटर इकनॉमी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मान्यता दी और पहले राष्ट्रीय क्रिएटर पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रालय सम्मेलन को बड़े पैमाने पर आयोजित करने की योजना बना रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार नए क्रिएटर इकनॉमी को प्रोत्साहित करती है और इससे रोजगार सृजित हो रहा है।

0000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।. यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 113वॉ एपिसोड होगा। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद कार्यक्रम की यह तीसरी कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रदेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

0000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांग्सू ने बुधवार को शेरगांव में राज्य बागवानी फार्म और ट्राउट फार्म का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, मंत्री ने कृषि और संबद्ध विभागों के अधिकारियों के साथ बातचीत की और विभिन्न विकासात्मक पहलों पर चर्चा की। स्थानीय गैर सरकारी संगठनों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। श्री वांग्सू ने उन मछली पालकों से भी मुलाकात की, जो प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और आत्म निर्भर मत्स्य पालन योजना के तहत सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। उन्होंने शेरगांव क्षेत्र में एक कृषि फार्म का भी दौरा किया जहां मिशन जैविक मूल्य श्रृंखला विकास के तहत ख़ुरमा की खेती की जा रही है। यात्रा के दौरान स्थानीय विधायक त्सेतेन चोम्बे, बागवानी सचिव कोज रिन्या और वेस्ट कामेंग की उपायुक्त आकृति सागर भी उपस्थित थी। 0000000000000000

ला तालार और पिंकी कार्की ने गुरुवार को नामसाई में ली-निंग 11वीं दोरजी खांडू मेमोरियल स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष और महिला एकल जीते। पुरुष एकल में, ला तलार ने साथी कामले खिलाड़ी ला तुकुम को 21-12, 21-12 के सीधे सेट्स में हराया। महिला एकल में पिंकी कार्की को तीन सेट के तनावपूर्ण फाइनल में कामले की ला याजुम को 21-18, 18-21, 21-16 के स्कोर से हराने के लिए संघर्ष करना पड़ा। 0000000000000000